हिंदी दैनिक

UPHIN/2021/89882

# नवग्रह टाइम्स

navgrahtimes@gmail.com | facebook.com/Navgrah-Times | @NavgrahTimes

वर्ष: 04 | अंक: 164 | सोमवार, 16 दिसंबर - 2024 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-3

## साहित्य अकादेमी द्वारा आयोजित पुस्तक मेले पुस्तकायन का समापन

### दस दिवसीय पुस्तक मेले में आयोजित हुए कई साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, 200 से अधिक लेखकों, कलाकारों ने लिया भाग





नवग्रह टाइम्स

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादेमी द्वारा आयोजित किए गए पुस्तक मेले पुस्तकायन का आज अंतिम दिन था। दस दिनों तक रवींद्र भवन परिसर में चले इस पुस्तक मेले का उद्घाटन 6 दिसंबर 2024 को प्रख्यात अंग्रेज़ी लेखक एवं पूर्व राजनयिक नवतेज सरना ने किया था। मेले में 40 से अधिक प्रकाशक शामिल थे। प्रतिदिन आयोजित होने वाले साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 200 से अधिक लेखकों एवं कलाकारों ने भाग लिया। आयोजित किए गए कार्यक्रमों में बहुभाषी कहानी-पाठ, आदिवासी लेखक सम्मिलन, गीत संध्या, ग़ज़ल संध्या, मुशायरा, लघुकथा पाठ, व्यंग्य पाठ एवं कई विषयों पर परिचर्चाएँ आदि मुख्य थीं। लेखक से संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत नासिरा शर्मा एवं अशोक चक्रधर से क्रमशः अशोक तिवारी एवं ओम निश्चल ने बातचीत की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सी.सी.आर.टी. छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं ने गायन, वादन एवं नृत्य की प्रस्तुतियाँ दीं जिन्हें दर्शकों की भरपूर सराहना मिली। मेले में शामिल हुए अन्य प्रकाशकों ने भी 25 से ज़्यादा साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जिनमें मुख्यतः पुस्तक लोकार्पण एवं उन पर चर्चाएँ शामिल थीं। बच्चों में पठन-पाठन की संस्कृति विकसित करने के लिए साहित्य अकादेमी ने स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे चित्रांकन प्रतियोगिता, कविता-पाठ प्रतियोगिता एवं कहानी-पाठ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जिसमें 12 से अधिक स्कूलों के लगभग 400 बच्चों ने भाग लिया। ये प्रतियोगिताएँ जूनियर एवं सीनियर वर्गों में आयोजित की गई जिनमें बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।








पुस्तक मेले के दौरान हर आयु वर्ग के पुस्तक प्रेमियों ने प्रतिदिन अपनी अच्छी उपस्थिति दिखाई।